राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने कहा, श्री राम की छवि दिव्य, अलौकिक और भव्य

राज्यपाल श्री बागडे ने अयोध्या पहुंचकर राम लला के दर्शन किए

राष्ट्र की सम्पन्नता, खुशहाली की कामना की

जयपुर, 12 फरवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को अयोध्या पहुंचकर परिजनों सहित भगवान श्री राम लला के दर्शन किए।

राज्यपाल श्री बागडे ने मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्री राम की इस दौरान पूजा—अर्चना की। उन्होंने भगवान से राष्ट्र और राज्य की समृद्धि, सम्पन्नता और खुशहाली की कामना की।

राज्यपाल ने श्री राम के अलौकिक स्वरूप को देख भाव विभोर होते हुए बाद में कहा कि श्री राम की छवि दिव्य, अलौकिक और भव्य है।

————



SAFETY RULE